प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.02.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 26.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.02.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक-26.02.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु.अ.स. 644/24 धारा 376/504/506 भा.द.वि. से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त छोटेलाल उर्फ छोटू पुत्र दशरथ उर्फ दस्सी प्रजापति उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम तिकोरा पोस्ट मुढ़ेरी थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0 को थानाक्षेत्र अन्तर्गत लौड़ी तिगैला कांशीराम कालोनी रोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

छोटेलाल उर्फ छोटू पुत्र दशरथ उर्फ दस्सी प्रजापति उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम तिकोरा पोस्ट मुढ़ेरी थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर म0प्र0

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. हे0का0 शैलेन्द्र गौतम थाना कोतवाली नगर महोबा

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.02.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर शिवालयों में जलाभिषेक एवं विभिन्न स्थानों में आयोजित की जा रही शोभायात्रा/शिवबारात के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, समुचित पुलिस प्रबन्ध कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश...





आज दिनांक- 26.02.2025 को जनपद में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसके क्रम में विभिन्न स्थानों में आयोजित की जा रही शोभायात्रा/शिवबारात सहित सम्पूर्ण जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त उच्चाधिकारीगण विभिन्न क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहे, इस दौरान विभिन्न शिवालयों/मन्दिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया है, साथ ही श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद के थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअंतर्गत अवस्थित शिवालयों में लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं श्रद्धालुओं के सुरक्षार्थ/समुचित व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल को चेक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, सभी शिवालयों पर पारम्परिक ढंग से शिवभक्तों द्वारा किया जा रहा जलाभिषेक।

पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के जलाभिषेक तथा जनद के विभिन्न थानाक्षेत्रों में आयोजित की जा रही शोभायात्रा/शिवबारात कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सकुशल एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहे, इस दौरान सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये किसी भी प्रकार के विवाद की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गयी, पुलिस अधीक्षक द्वारा किये गये समुचित पुलिस प्रबन्ध, जनपदीय पुलिस की चुस्ती व मुस्तैदी से जनपद में अमन चैन के साथ जुलूस को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया जा रहा है